प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.07.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 6 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं द्वारा वोट मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के त्रिपाल, मायोली, पाइसा, दरकाटा, नोशेरा, सयोती खुर्द, बनखंडी सहित कुछ अन्य स्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में वोट मांगेंगे। जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आज हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के शासन झनियारी देवी, धनेड़–नाल्टी, बनोल व डिडवीं टिक्कर में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास कांग्रेस की देन है। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बाबा के पक्ष में विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी 10 गारंटियों में से पांच पूरी कर दी है जबकि शेष पांच गारंटियों को भी पूरा किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि निर्दलीय विधायकों का समय से पूर्व विधानसभा की सदस्यता से त्याग पत्र देना प्रदेश के इतिहास में पहला मौका है।

सम्पूर्णता अभियान

नीति आयोग आज से 30 सितम्बर तक 3 महीने का सम्पूर्णता अभियान आरम्भ कर रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के आकांक्षी जिलों में 6 प्रमुख संकेतकों और आकांक्षी ब्लॉकों में 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास करना है। सम्पूर्णता अभियान के दौरान जिन संकेतकों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा उनमें पंजीकृत गर्भवती महिलाओं, मधुमेह, रक्तचाप, पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और रिवॉल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत शामिल है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हुई है जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मॉनसून की वर्षा में आई तेजी के बाद प्रदेश में अधिकतम व न्यूनतम तामपान सामान्य बना हुआ है। राजधानी शिमला सहित मंडी, सोलन, किन्नौर व जिल कांगड़ा में बादल जमकर बरस रहे हैं। हालांकि लाहौल स्पीति व ऊना में बादल छाए हुए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने 7 जुलाई तक ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राज्य में 9 जुलाई तक अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा का दौर जारी रहेगा। इस बीच मण्डी जिले में भारी वर्षा के ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए लोगों खासकर पर्यटकों से नदी–नालों, भू–स्खलन संभावित क्षेत्रों और ऊँचाई वाले इलाकों में न जाने की अपील की है।

गुप्त पर्वत

कोलकाता के आरोही क्लब ने लाहौल स्पिति की 6 हजार एक सौ 59 मीटर ऊंची गुप्त पर्वत चोटी को सफलतापूर्वक फतेह किया। आरोही क्लब के 12 सदस्यों के दल ने 25 जून को गुप्त पर्वत को फतेह किया। ये दल गुप्त पर्वत को फतेह करने के बाद कल लाहौल स्पिति के दालंग पहुंचा। इस दल ने 5 जून को दालंग से ही अपने अभियान की शुरूआत की थी और 7 जून को ये दल बेस कैम्प से गुप्त पर्वत को फतेह करने के लिए निकला था। 1973 में एक जापानी दल ने पहली बार इस पर्वत को फतेह किया था उसके बाद आरोही क्लब इस पर्वत को फतेह करने वाला दूसरा दल है।

जीका वायरस

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने महाराष्ट्र में जीका वायरस की कुछ रिपोर्ट के मद्देनजर, राज्यों को एक परामर्श जारी किया है। इसमें जीका वायरस की स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखने की बात कही गई है। मंत्रालय ने राज्यों से प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस संक्रमण की जांच करने के निर्देश देने को कहा है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है पंडोह डैम के पास धंसने लगा एनएच, आवाजाही के लिए एक लेन हुआ बंद। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है पहली ही बारिश से हिल गई मंडी–पंडोह में फोरलेन पर फिर दरारें। दैनिक भास्कर के शब्द हैं प्रदेश की 17 सड़कें और 193 बिजली के ट्रांसफॉर्मर बंद। दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है मंडी में पंडोह डैम के पास 40 करोड़ से बना नेशनल हाइवे का हिस्सा धंसा। आपका फैसला के अनुसार हिमाचल में भारी बारिश ने बरपाया कहर।

पंजाब केसरी की एक खबर है जेबीटी व टीजीटी के पदों पर जल्द नियुक्ति प्रक्रिया होगी शुरू।

हर हिमाचली पर एक लाख 20 हजार की देनदारी शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है राज्य पर वित्तीय देनदारी का बोझ बढ़कर हो गया है एक लाख 7 हजार 230 करोड़।

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है धूमल को कमजोर करने के लिए जयराम ने हमीरपुर में रोका विकास।

दैनिक भास्कर की एक खबर है पंडोह के पास 60 करोड़ से बना बगलामुखी रोप–वे प्रोजेक्ट ट्रायल रन के लिए हुआ तैयार।

लोक सेवक की कार्रवाई का विरोध करते समय फेसबुक लाईव करना अपराध नहीं शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने स्पष्ट की कानूनी स्थिति।